6

सं० सं०–2/क्यू०–52/2026–

**बिहार सरकार**

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन,
सरकार के अवर सचिव ।

सेवा में,

अवर सचिव,
बिहार विधान सभा सचिवालय,
पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : **श्री मो० कमरूल होदा, माननीय स०वि०स० द्वारा पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न संख्या–62 (डायरी संख्या–18/02/3047) दिनांक–20.02.2026 से उत्पन्न सरकारी आश्वासन संख्या–903/26 के सम्बन्ध में ।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि श्री मो० कमरूल होदा, माननीय स०वि०स० द्वारा पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न सख्या–62 (डायरी संख्या–18/02/3047) दिनांक–20.02.2026 से उत्पन्न सरकारी आश्वासन संख्या–903/26 विशेषज्ञ चिकित्सक, दन्त चिकित्सक एवं फार्मासिस्ट के नियुक्ति से संबंधित है।

2. विभागीय आदेश संख्या–207(4ए) दिनांक- 02.07.2026 द्वारा बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में 846 फार्मासिस्ट की नियुक्ति करते हुए राज्य के सरकारी अस्पतालो में पदस्थापित किया गया।

3. विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (फिजिशियन) के 304 पदों के विरुद्ध प्राप्त 129 अनुशंसा के आलोक मे विभागीय काउन्सेलिंग में उपस्थित 114 फिजिसियन के नियुक्ति–सह–पदस्थापन अन्तिम चरण में है।

4. दन्त चिकित्सक के 808 पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार तकनीकी सेवा आयोग से अनुशंसा प्राप्त होने के पश्चात नियुक्त–सह–पदस्थापन किया जाएगा।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर सरकारी आश्वासन सं०–**903/26** को लंबित आश्वासन की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय।

**विश्वासभाजन,**

**ह0/–**

**(राजीव रंजन )**

**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–2/क्यू०–07/2026–** 1668(2) **पटना, दिनांक** 20/7/ **2026**

**प्रतिलिपिः** प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–13, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**प्रतिलिपि :** आई०टी०मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/7/2026

**सरकार के अवर सचिव।**

D>Sec-2>2026 quest aswashan